डाल -डाल पर ,ताल -ताल पर

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 2)

➢ पूनम ने पेड़ पर कई जानवर देखे। तुम्हें चित्र में पेड़ पर कौन-कौन से जानवर दिखाई दे रहे हैं? उनके नाम लिखो।

उत्तर मैं पेड़ पर निम्नलिखित जानवर देख सकता हूँ–

कबूतर, गिलहरी, कौवा, बन्दर, तितली, चींटी, तोता, कोयल इत्यादि।

➢ पूनम ने तालाब पर किन-किन जानवरों को देखा। चित्र देखकर उनके नाम लिखो।

उत्तर पूनम ने तालाब पर निम्न जानवरों को देखा–

बकरी, कछुआ, बगुला, मेंढक, भैंस।

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 3)

➢ तालाब पर दिखे जानवरों का अभिनय (एक्शन) करके दिखाओ। कौन-सा जानवर क्या हरकत करता होगा? जानवरों की अलग-अलग आवाजें भी निकालो।

उत्तर हाँ, मैं इन जानवरों का अभिनय कर सकता हूँ। कुछ जानवरों की आवाजें नीचे दी गयी हैं :

1. कुत्ता	: *भौं - भौं*	2. बिल्ली	: *म्याऊं - म्याऊं*
3. शेर	: *गर्र - गर्र*	4. मेंढक	: *टर्र - टर्र*
5. बकरी	: *में - में*	6. कौवा	: *काँव - काँव*
7. कोयल	: *कू - कू*		

➢ तुमने भी बहुत सारे जानवर देखे होंगे। उनमें से कौन-कौन से जानवर–

उड़ते हैं	:	....	....	....
रेंगते हैं	:	....	....	....
चलते हैं	:	....	....	....
फुदकते हैं	:	....	....	....
पंख वाले हैं	:	....	....	....
पैर वाले हैं	:	....	....	....
पूंछ वाले हैं	:	....	....	....

उत्तर

उड़ते हैं	: तितली, कबूतर, तोता	रेंगते हैं	: गिरगिट, साँप, कछुआ
चलते हैं	: गाय, भैंस, बैल	फुदकते हैं	: मेंढक, कंगारू, खरगोश
पंख वाले हैं	: कबूतर, कोयल, गौरैया	पैर वाले हैं	: गाय, बकरी, भालू
पूंछ वाले हैं	: बन्दर, गाय, भालू		

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 4)

➢ नीचे दिए चित्रों को देखो। इनमें से जो जानवर तुम्हारे घर में नहीं रहते उनमें रंग भरो।

(एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक, पृष्ठ संख्या 4 देखें)

उत्तर स्वयं करो।

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 5)

➢ यहाँ कुछ जानवरों के अधूरे चित्र हैं। इन्हें पूरा करो और इनके नाम नीचे लिखो।

उत्तर 1. कुत्ता 2. मछली 3. तिलचट्टा

मैं कौन हूँ?

➢ वर्ग पहेली में मेरा नाम ढूँढ़ो और उन पर घेरा ◯ लगाओ। एक उदाहरण दिया गया है।

1. छत पर बैठकर केला खाऊँ,
   इधर-उधर मैं कूद लगाऊँ।
2. दीवारों पर जाल बनाऊँ,
   जिसमें कीडों को फंसाऊँ।
3. जाग-जाग कर रात बिताऊँ,
   दिन निकले तो मैं सो जाऊँ।
4. टर्र-टर्र-टर्र की रट लगाऊँ,
   फुदक-फुदक पानी में जाऊँ।
5. बारिश के बाद नजर मैं आऊँ,
   पाँव नहीं पर रेंगता जाऊँ।
6. धीमी चाल से चलता जाऊँ,
   दौड में फिर भी जीत मैं पाऊँ।

द	क	छु	आ	ग
र	बं	में	ढ़	क
च	द	स	म	प
क	र	ह	उ	न
म	क	ड़ी	ल्लू	च
कें	चु	आ	म	छ

उत्तर

द	क	छु	आ	ग
र	बं	में	ढ	क
च	द	स	म	प
क	र	ह	उ	न
म	क	ड़ी	ल्लू	च
कें	चु	आ	म	छ

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 6)

➢ चित्र में देखो और बताओ कौन से निशान उंगलियों के हैं और कौन-से अंगूठे के।

उत्तर स्वयं करो।

(**नोट**–अंगूठे के निशान उंगलियों के निशान से बड़े हैं)

एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 8)

➢ किसी पेड़ के नीचे कुछ देर बैठो। ध्यान से देखो, पेड़ पर और उसके आस-पास कौन-कौन से जानवर हैं–

डालियों पर ....

पत्तों पर ....

तने पर ....

ज़मीन पर ....

पेड़ के आस-पास ....

उत्तर डालियों पर : तोता, कौआ, बन्दर पत्तों पर : पिल्लू, मधुमक्खी, तितली

तने पर : दीमक, चींटी, गिलहरी जमीन पर : चूहा, साँप, खरगोश

पेड़ के आस-पास : बिल्ली, कुत्ता, गाय

➢ अब इन जानवरों को एक क्रम में लिखो–छोटे से बड़े तक।

उत्तर 1. दीमक, 2. चींटी, 3. मधुमक्खी, 4. पिल्लू, 5. तितली, 6. चूहा, 7. तोता, 8. कौवा, 9. गिलहरी, 10. साँप, 11. खरगोश, 12. बिल्ली, 13. कुत्ता, 14. बन्दर, 15. गाय।

➢ अब तुम भी किसी जानवर के चित्र से एक जिग्सॉ बनाओ। चित्र को गत्ते पर चिपकाओ। गत्ते को जानवर के आकार में काटो। अब इस गत्ते को आड़े-तिरछे टुकड़ों में काटो। टुकड़े को अलग-अलग करके अपने दोस्तों से जोड़कर देखने को कहो। उनसे जानवर का नाम भी पूछो।

उत्तर स्वयं करो।